आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 315 ● कटनी ● बुधवार, 22 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें


WWW.yashbharat.co.in

## कोरोना संक्रमण से इंदौर में दो लोगों की मौत

**इंदौर।** शहर में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन की आमद के एक दिन बाद ही दो लोगों की कोरोना की वजह से मौत हो गई। दोनों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था। उनमें कोरोना की पुष्टि हो चुकी थी। फेंफडों में संक्रमण 80-90 प्रतिशत तक फैल चुका था। एक मरीज वेंटिलेटर पर था। पूरे एक महीने बाद शहर में कोरोना से हुई इन मौतों ने शासन-प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। एक तरफ मरीजों में कोरोना के नए वैरिएंट की पुष्टि हो रही है दूसरी तरफ कोरोना के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती मरीज दम तोड़ रहे हैं।

**फटाफट खबरें**

### पतंग उड़ाते-उड़ाते अचानक आसमान में पहुंच गया



**नई दिल्ली।** पतंग उड़ाना आम बात है और पतंग उड़ाने के कई वीडियो भी वायरल होते रहते हैं। लेकिन सोचिए कोई ऐसा वीडियो वायरल हो जाए जिसमें एक शख्स पतंग के साथ ही हवा में पहुंच जाए तो यह बेहद चौंकाने वाला दृश्य होगा। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां पतंग उड़ा रहा शख्स अचानक आसमान में पहुंच गया और फिर पतंग की डोर पकड़े काफी देर तक लटका रहा। दरअसल, यह घटना श्रीलंका के जाफना की है। एक ऑनलाइन रिपोर्ट के मुताबिक, यहां के एक क्षेत्र में पतंगबाजी की प्रतियोगिता चल रही थी, ठीक इसी दौरान यह हादसा हुआ है। यह सब तब हुआ जब एक शख्स अपनी टीम के बाकी सदस्यों के साथ एक बड़े से पतंग की रस्सी को पकड़कर उछालने की कोशिश कर रहा था, तभी अचानक वह हवा में 30 फीट ऊपर उठ गया। इसे देखकर उसके साथी हैरान रह गए। पतंग इतना भरी था कि वह शख्स हवा में ऊपर की ही तरफ जा रहा था और वह रस्सी पकड़कर लटका रहा।

### एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में आज भारत-पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मैच

**नई दिल्ली।** एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में बुधवार (22 दिसंबर) को भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें कांस्य पदक के लिए आमने-सामने होंगी। सेमीफाइनल में पाकिस्तान को दक्षिण कोरिया और भारत को जापान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस बार भारत-पाकिस्तान की टीमें टूर्नामेंट में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले 17 दिसंबर को खेले गए मैच में टीम इंडिया 3-1 से जीती थी। दोनों टीमें पहली बार कांस्य पदक मैच के लिए आमने-सामने होंगी।




**Omicron का असर**

# केंद्र ने राज्यों को भेजी गाइडलाइन फिर लग सकती हैं पाबंदियां

**नई दिल्ली। देश में ओमिक्रोन के केस बढ़ने के बाद अब केंद्र सरकार हरकत में आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राज्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। केंद्र ने कहा है कि ओमिक्रॉन कोरोना के पुराने वैरिएंट डेल्टा के मुकाबले 3 गुना तेजी से फैलता है। इसलिए जरूरी उपाय अपनाना शुरू कर दें।**

मंगलवार शाम राज्यों को लिखे गए लेटर में कहा गया है कि ओमिक्रॉन से निपटने के लिए वॉर रूम एक्टिव कर देना चाहिए।ओमिक्रॉन और डेल्टा दोनों वैरिएंट अब भी देश भर में मौजूद हैं। इसलिए लोकल और डिस्ट्रिक्ट लेवल पर ज्यादा दूरदर्शिता दिखाने और तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।राज्यों से कहा गया है कि जहां जरूरी हो, वहां नाइट कर्फ्यू लगाया जाए। साथ ही कंटेनमेंट जोन बनाए जाने की बात भी कही गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर राज्यों को भेजी गई चिट्ठी में लिखा गया है कि संक्रमण को स्थानीय स्तर पर खत्म



करने के उपाय किए जाएं। इमरजेंसी रूम और सेवाओं को पूरी तरह तैयार रखा जाए। जहां जरूरी हो वहां शादी, पार्टी और अंतिम संस्कार में संख्या सीमित की जाए। टेस्टिंग बढ़ाई जाएं। भारत में ओमिक्रोन की ताजा स्थिति यह है कि यह वैरिएंट 14 राज्यों में फैल गया है जहां 220 मरीज हैं। देश में ओमिक्रोन कितनी तेजी से बढ़ रहा है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा रहा है कि 17 दिसंबर को 100 केस थे और 21 दिसंबर को यह आंकड़ा 200 पार हो गया। यानि महज चार दिन में केस दोगुना हो गए हैं। अमेरिका और ब्रिटेन में जिस तरह से हाहाकार मचा है, उसे देखते हुए लोगों को सबक सिखना चाहिए। देश में एक बड़ा वर्ग अभी भी मास्क लगाने और शारीरिक दूरी का पालन जैसे नियमों की अनदेखी कर रहा है। यह लापरवाही कभी भी घातक रूप से सकती है।

### पीएम मोदी कल करेंगे बैठक

देश में बढ़ती ओमिक्रॉन की रफ्तार ने सरकार की टेंशन बढ़ा दी है। इस बीच समाचार एजेंसी ने भारत सरकार के सूत्रों के हवाले से जानकारी दी है कि पीएम मोदी गुरुवार को कोरोना की स्थिति को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### महाराष्ट्र विधानसभा के 10 कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव

महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र से पहले सभी विधायक, विधानसभा स्टाफ, पुलिस और कर्मचारियों की कोरोना जांच की गई जिसमें आठ पुलिसकर्मी और मंत्रालय के दो कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं।

### अलर्ट-स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेताया- अभी गया नहीं डेल्टा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि अभी देश से डेल्टा वैरिएंट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। ऐसे में डेल्टा और ओमिक्रोन मिलकर घातक रूप धारण कर सकते हैं। ओमिक्रोन को लेकर कहा जा रहा है कि यह तेजी से फैलता जरूर है, लेकिन कोरोना के अन्य वैरिएंट की तरह घातक नहीं है।

### एक्सपर्ट बोले- भारत में महामारी की तीसरी लहर आना तय

देश में ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि कोरोना की तीसरी लहर का आना तय है। इसे रोका नहीं जा सकता। लेकिन इसको लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। एक्सपर्ट्स ने कहा कि 13 दिसंबर की तुलना में 19 दिसंबर को कई राज्यों में संक्रमण दर बढ़ी है। इन राज्यों में बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, त्रिपुरा, तमिलनाडु, असम, ओडिशा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर और नागालैंड शामिल है।



## इंदौर से सतना जा रही बस पन्ना में पलटी, एक की मौत, कई घायल

**पन्ना।** इंदौर से सतना जा रही यात्री बस सिमरिया थाना के रैकरा गांव में समीप पलट गई। जिससे एक यात्री की मौत हो गई। वहीं बस में फंसे कई यात्री घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार इंदौर से पन्ना जा रही मैंगो ट्रेवल्स की बस सुबह चार बजे गैसाबाद और सिमरिया के बीच में रैकरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना मिलते ही गैसाबाद, सिमरिया, गुनौर व सुनवानी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। तीन यात्री बस के नीचे दब गए थे, इनमें से एक की मौत हो गई। वहीं अन्य यात्री घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा स्थल के नजदीक जेके सीमेंट प्लांट है। जहां से तुरंत मशीनें मंगा ली गईं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। क्रेन की मदद से बस में फंसे यात्रियों को समय से बाहर निकाल लिया गया। करीब चार घंटे राहत कार्य चलता रहा।

**गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की ऑनलाइन कंपनियों को चेतावनी**

## अपने प्लेटफार्म से हटाएं नशे, हथियार जैसी आपत्तिजनक सामग्रियां

**भोपाल।** प्रदेश के जबलपुर जिले में ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट द्वारा चाकू जैसा घातक हथियार बेचे जाने का प्रकरण सामने आने के बाद अब सरकार ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इसका संज्ञान लेते हुए आनलाइन शापिंग कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे अपने प्लेटफार्म से नशे और हथियार जैसी चीजों को जल्द से जल्द हटाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर में ई-कॉमर्स कंपनी को अपने प्लेटफॉर्म से चाकू और ऐसे अन्य आपत्तिजनक समान हटाने के आदेश दिए गए है। यह आदेश उन्हें भेज भी दिया है। संभवत: उन्होंने हटा भी दिए होंगे। अगर नहीं हटाए होंगे, तो हटवा देंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम मध्य प्रदेश में ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन और फिलपकार्ट को अपने प्लेटफॉर्म से नशे और हथियार से जुड़ी घातक सामग्री हटाने का आग्रह करते हैं, अन्यथा हमें इनके बारे में सोचना पड़ेगा।



इसके साथ ही गृहमंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के माब लिंचिंग को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 1984 के सिख विरोधी दंगों में कांग्रेस के लोगों ने देश में मॉब लिंचिंग की शुरुआत की थी। तुष्टिकरण की राजनीति करने राहुल गांधी जी को चुनाव के समय उत्तर प्रदेश में तो मॉब लिंचिंग दिखाई दे रही है लेकिन केरल में नहीं, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं को बेरहमी से मारा गया।

## शराबी बेटे को मां ने दिलवाई सजा

**बोली- नीतीश तो बंद किए हैं, लेकिन बेचने वाले बेच रहे हैं और पीने वाले पी रहे हैं**

**पटना।** कहते हैं मां और बेटे के बीच रिश्ता बहुत ही प्यारा होता है, लेकिन बिहार के आरा में एक बेटा अपनी ही मां के खून का प्यासा हो गया है। उसने मां रमावती देवी को धमकी दी है कि, जिस दिन वह जेल से बाहर निकलेगा सबसे पहले उसे ही मार डालेगा। दरअसल, कुछ दिन पहले 25 वर्षीय आदित्य राज उर्फ बिट्टू ने शराब पीकर अपनी मां के साथ मारपीट की थी। बेटे की हरकत से तंग आकर मां ने पुलिस में शिकायत कर दी। इसी 20 दिसंबर को शराबबंदी कानून के अंतर्गत आदित्य को पांच साल की जेल की सजा अदालत ने सुनाई है। अपने बेटे से जेल में मिलने पहुंची रमावती देवी को उसने धमकी दी कि सबसे पहले वह उसे ही मार देगा। रमावती देवी बताती हैं कि उनके सबसे छोटे बेटे आदित्य को पिछले 10 साल से शराब पीने की आदत है। जब भी वह शराब पीकर आता, घर में मारपीट करता। इससे उसके पिता बिपिन बिहारी की भी मानसिक स्थिति खराब हो चुकी है। वह आगे बताती हैं कि आदित्य उनसे हर दिन शराब पीने के लिए पैसे मांगता। जब पैसे न दो तो मारपीट करता, यहां तक कि कमरे में बंद करके गला भी दबा देता। उसके डर से कई बार वह पड़ोसियों के यहां छुप जातीं, लेकिन जब इसकी खबर आदित्य को लगती तो वह पड़ोसियों से भी मारपीट करने लगता। खाना तक छीनकर फेंक देता।

**गुजरात में अजीब वाक्या**

## महिला ने कुत्ते का नाम रखा सोनू पड़ोसियों ने घर में घुसकर जिंदा जलाया

**नई दिल्ली।** गुजरात में एक महिला को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है। इस वारदात में महिला बुरी तरह झुलस गई हैं। घटना के बाद 35 साल की नीताबेन सरवैया का इलाज फिलहाल भावनगर के एक अस्पताल में चल रहा है। इस भयानक वारदात को अंजाम देने का आरोप महिला के पड़ोसियों पर लगा है।

### नाम को लेकर नाराज थे पड़ोसी

बताया जा रहा है कि नीताबेन सरवैया ने अपने कुत्ते का नाम सोनू रखा था। इत्तिफाक से सोनू नीताबेन सरवैया के पड़ोस में रहने वाले सुराभाई भारवाड की पत्नी का नाम भी है। यही बात सुराभाई भारवाड को पसंद नहीं आई। जिसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।



### नीताबेन ने पुलिस को सुनाई आपबीती

जानकारी के मुताबिक सोमवार की दोपहर नीताबेन के पति और उनके दो बेटे किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। नीताबेन अपने घर पर अपने छोटे बेटे के साथ थीं। मौका पाकर सुराभाई भारवाड और उनके 5 अन्य सहयोगी नीताबेन के घर में घुस गए। पुलिस ने बताया कि घर में आने के बाद इन लोगों ने नीताबेन को गालियां दीं और कुत्ते का नाम ज्सोनूज रखने को लेकर उन्हें बुरा-भला कहा। नीताबेन ने इनकी बातों को अनसुना किया और अपने रसोईघर में चली गईं। इसके बाद तीन लोग भी जबरन रसोईघर में घुस गए और इन लोगों ने नीताबेन पर केरोसिन छिड़क कर उन्हें जिंदा आग के हवाले कर दिया।

### चीख सुन पहुंचे अन्य पड़ोसी

आग में बुरी तरह झुलसी नीताबेन की चीखें सुन अन्य पड़ोसी वहां पहुंच गये। कुछ ही समय बाद नीताबेन के पति भी घर पर पहुंच गए। इसके बाद किसी तरह कंबल के जरिए इस आग को बुझाया गया। नीताबेन को जली हुई हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया।

### 6 लोगों पर FIR

पुलिस ने बताया कि नीताबेन और उनपर हमला करने वाले लोगों के परिवार के बीच पहले भी कई बार पानी की सप्लाई को लेकर कहासुनी हो चुकी है। आग लगाने की इस घटना में 6 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सबसे महंगा तलाक : दुबई के किंग राशिद को कोर्ट ने दिया आदेश

**पत्नी को देने पड़ेंगे 5500 करोड़ रुपये**



**लंदन।** ब्रिटेन हाईकोर्ट ने किंग शेख मोहम्मद को तलाक के लिए लगभग 5500 करोड़ रुपये राजकुमारी हया को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किंग को यह रकम डिवोर्स सेटलमेंट और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए देनी होगी।दुबई के किंग शेख मोहम्मद बिन राशिद अल-मकतूम ने अपनी पत्नी राजकुमारी हया से तलाक ले लिया है। इसके बदले में उन्हें लगभग 5500 करोड़ रुपये (554 मिलियन पाउंड) राजकुमारी हया को देने होंगे।ब्रिटेन हाईकोर्ट ने किंग शेख मोहम्मद को तलाक के लिए लगभग 5500 करोड़ रुपये राजकुमारी हया को देने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि किंग को यह रकम डिवोर्स सेटलमेंट और बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए देनी होगी। यह सेटलमेंट ब्रिटिश कानूनी इतिहास के सबसे बड़े सेटलमेंट में से एक है। राजकुमारी हया जॉर्डन के पूर्व राजा हुसैन की बेटी हैं। हाईकोर्ट के जज फिलिप मूर ने अपने फैसले में कहा कि राजकुमारी हया और उनके बच्चों को आतंकवाद या फिर अपहरण जैसे खतरों से बचाने व सुरक्षा देने के लिए खास इंतजाम होने चाहिए। ब्रिटेन में उन्हें खास सुरक्षा की जरूरत होगी। वकीलों के मुताबिक, शेख की ओर से दी जाने वाली रकम में से 2500 करोड़ रुपये (251.5 मिलियन पाउंड) राजकुमारी हया को एकमुश्त दिए जाएंगे। उनके दोनों बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए 2900 करोड़ रुपये सिक्योरिटी के तौर पर बैंक में रखे जाएंगे। इसके अलावा बच्चों के बड़े होने पर हर साल 112 करोड़ रुपये देने होंगे। राजकुमारी हया ने इस सेटलमेंट के लिए लगभग 14 हजार करोड़ रुपये मांगे थे।

## मरे जानवरों को खाती है यह महिला



नई दिल्ली। दुनिया में अजीब-अजीब तरह के लोग होते हैं। ब्रिटेन में रहने वाली एक महिला इन दिनों काफी चर्चा में है। वो चर्चा में है अपने खानपान और लाइफस्टाइल को लेकर। खुद को यह महिला 'गुफा मानव' बताती है। महिला का नाम सारा डे है और उसका कहना है कि वो सड़क हादसों में मारे गए जानवरों को खाना पसंद करती है। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, सारा को यह काम करना किसी 'अच्छे बीफ स्टेक' में पार्टी करने जैसा लगता है। सारा एक तरह से आदिमानवों जैसा जीवन जीती हैं। वो सिर्फ मरे हुए जानवरों के गोश्त ही नहीं खाती, बल्कि उनकी हड्डियों से औजार भी बना लेती हैं। कोलचेस्टर की रहने वाली सारा पेशे से तो एक टीचर है। वो बच्चों को इतिहास की शिक्षा देती हैं। वो बच्चों को सर्वाइव करने के लिए स्किल्स भी सिखाती हैं।

## योगी सरकार करवा रही फोन टैप?

**प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव के आरोपों पर जल्द शुरू हो सकती है जांच**



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश सरकार पर फोन टैपिंग और उनके बच्चों के इंस्टाग्राम अकाउंट को हैक करने का आरोप लगाया था। उनके इन आरोपों पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संज्ञान लिया है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक उनके इन आरोपों पर जल्द ही जांच शुरू होने की संभावना है।

### मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट हैक किए गए- प्रियंका

कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने अपने बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट हैक कराए जाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय पहुंची प्रियंका गांधी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के फोन टैपिंग करने के आरोप का समर्थन करते हुए कहा कि फोन टैपिंग छोड़िए, मेरे बच्चों के इंस्टाग्राम एकाउंट तक हैक कर रहे हैं। बताइए, सरकार के पास कुछ और काम नहीं है क्या?

### अखिलेश ने लगाए थे फोन टैपिंग के आरोप

इससे पहले रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ सरकार उनकी पार्टी के नेताओं के फोन टैप करवा रही है और मुख्यमंत्री खुद शाम के वक्त इन रिकॉर्डिंग्स को सुनते हैं। अखिलेश यादव ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे सभी फोन सुने जा रहे हैं। एसपी कार्यालय और हमारे साथ जुड़े लोगों के फोन सुने जा रहे हैं।

### आधार को वोटर आईडी से लिंक करने से हर वोटर को ट्रैक किया जा सकेगा?

**नई दिल्ली।** 21 दिसंबर को चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक 2021 राज्यसभा से भी पारित हो गया है। इससे पहले यह विधेयक 20 दिसंबर को लोकसभा से पारित हुआ था। सरकार का कहना है कि इस नए संशोधन के बाद आधार इकोसिस्टम से मतदाता सूची डेटा को जोड़ा जाएगा। सरकार का कहना है कि विधेयक में कई चुनावी सुधार शामिल हैं जिन पर लंबे वक्त से चर्चा जारी है। सरकार का दावा है कि आधार को मतदाता सूची से जोड़ने के बाद कई बार एनरोलमेंट की जरूरत नहीं रह जाएगी। एक बार आधार के लिंक होने से किसी का दो वोटर कार्ड नहीं हो सकता। सरकार का मानना है कि ऐसा करने से मतदाता सूची को रिफाइन करने में बहुत आसानी होगी।

## बीमारी के कारण सीएमपद छोड़ सकते हैं उद्धव ठाकरे



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पिछले करीब 45 दिनों से किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया है। बीते दिनों उनके गले का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। इस बीच, बुधवार से महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र भी शुरू हुआ है, लेकिन यह साफ नहीं है कि उद्धव सदन की कार्रवाई में हिस्सा लेंगे या नहीं। भाजपा ने इसी मुद्दे पर बड़ा बयान जारी किया है। महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा है कि उद्धव ठाकरे स्वस्थ नहीं हैं। इसलिए वे पत्नी रश्मि या बेटे आदित्य को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। हालांकि बेटे आदित्य ने भाजपा के इस दावे को खारिज किया और कहा कि उनके पिता पूरी तरह ठीक हैं। वहीं एनसीपी ने भी भाजपा नेता के बयान पर नाराजगी जताई और कहा कि सीएम कौन होगा या कौन नहीं, यह भाजपा से पूछकर तय नहीं किया जाएगा। एक इंटरव्यू में चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा, उद्धव ठाकरे कुछ भी कर सकते हैं। वो अपने किसी विश्वसनीय को सीएम की कुर्सी पर बैठा सकते हैं। वो किसी और के बजाए रश्मि या आदित्य को मौका दे सकते हैं। इस मामले में उद्धव ठाकरे कुछ भी कर सकते हैं। बता दें, महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी (शिवसेना+एनसीपी+कांग्रेस) की सरकार है और भाजपा लगातार इस गठबंधन पर हमला कर रही है।

### संसद का शीतकालीन सत्र एक दिन पहले ही समाप्त, विपक्ष पूरे समय करता रहा हंगामा

**नई दिल्ली।** यूं तो संसद का शीतकालीन सत्र 23 दिसंबर तक चलाना था, लेकिन विपक्ष के अड़ियल रवैये के कारण दोनों सदनों की कार्रवाई एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस पूरे सत्र के दौरान विपक्ष दो मुद्दों पर को लेकर हंगामा करता रहा। पहला - राज्यसभा के 12 सदस्यों का निलंबन वापस हो और दूसरा-लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी का इस्तीफा हो। विपक्ष रोज हंगामा करता रहा और सदन में कोई काम नहीं हो पाया। अब लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

**लड़कियों की शादी की उम्र 21 करने की तैयारी**

## यह चुनाव जीतने की भाजपा की रणनीति? विपक्ष भी है सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लड़कियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की तैयारी में है। विपक्ष लगातार इसका विरोध कर रहा है। कल यानी मंगलवार को लोकसभा में इस संशोधन विधेयक को पेश करने के बाद इसे संसदीय स्थायी समिति को करीब से जांच के लिए भेज दिया गया, जिसकी मांग विपक्ष भी कर रहा था। लेकिन राजनीतिक हलकों को लगता है कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार रणनीति बना रही है। इसे चुनावों से ठीक पहले बजट सत्र के दौरान फिर से सदन में बहस के लिए लाया जा सकता है। विपक्ष के विरोध और मांगों के बीच सरकार ने ही लोकसभा में विधेयक को संसदीय पैनल को भेजने का प्रस्ताव दिया। चौंकाने वाली बात तो यह है कि लोकसभा में सरकार के पास बहुमत है। इसके बावजूद सरकार ने संसदीय पैनल के पास भेजने का प्रस्ताव दिया। इसका मतलब यह है कि सत्तारूढ़ पक्ष दबाव में नहीं, बल्कि अपने मुताबिक काम कर रहा था।

### सरकार ने जानबूझकर संसदीय पैनल के पास भेजा

आपको बता दें कि सरकार ने ठीक इसी दिन विपक्ष की मांगों के खिलाफ राज्यसभा में आधार को



मतदाता सूची से जोड़ने के लिए एक और महत्वपूर्ण विधेयक को ध्वनि मत से पास कराया। यह बताता है कि महिलाओं की शादी की उम्र बढ़ाने से संबंधित विधेयक संसदीय पैनल को भेजना सत्तारूढ़ भाजपा के अनुकूल है। सरकार इस मुद्दे को फिलहाल जिंदा रखना चाहती है जो संभवत: ट्रिपल तलाक मुद्दे की भरपाई कर सकता है।

### पीएम के भाषण से मिले संकेत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूपी में अपनी चुनावी रैली में इस मुद्दे का जिक्र भी किया। पीएम के भाषण के बाद किसी को भी इस मुद्दे पर संदेह नहीं रह गया है। भाजपा का इरादा महिलाओं के बड़े वर्ग को चुनाव में आकर्षित करने का हो सकता है। पीएम ने अपने संबोधन में कहा, हर कोई देख रहा है कि इस बिल से किसे परेशानी हो रही है। हालांकि, उन्होंने किसी विपक्षी दल या मुस्लिम समूहों का जिक्र नहीं किया। लेकिन तीन दिन पहले, केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकी ने आलोचकों को तालिबान मानसिकता के साथ पेशेवर प्रदर्शनकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि ये लोग उन्हीं वर्गों से आते हैं जो तत्काल तीन तलाक को खत्म करने का विरोध किया था।

### विपक्ष भी खासा सतर्क

कांग्रेस, लेफ्ट, द्रमुक और एनसीपी जैसी पार्टियां इसमें शामिल सामाजिक-लिंग असमानता के मुद्दों पर अपनी आलोचना को ध्यान में रखते हुए और हितधारकों के साथ आगे की चर्चा की आवश्यकता पर जोर देने के लिए सतर्क हैं। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि उनकी महिला सशक्तिकरण वार्ता ने पीएम को बिल लाने के लिए मजबूर किया।



कटनी, जबलपुर, मंडला, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# फैल गई चुनावों की पंचायत ?

## धुरंधर भी नहीं बता पा रहे आगे क्या होगा

**कटनी।** पंचायत चुनाव होंगे या नहीं ? बड़े से बड़ा जानकार भी यह साफ साफ नहीं बता पा रहा कि आखिर पंचायत चुनाव होंगे या नहीं अथवा चुनावों की पंचाय का रायता फैल चुका है। मजेदार बात यह है कि पंचायत चुनाव में असमंजस के बीच निर्वाचन आयोग वो सारी औपचारिकता पूरी करने में जुटा है जो चुनाव में की जातीं है। पेंच ओबीसी वर्ग की सीटों पर फंसा है तो इसका भी हल खोज लिया गया है। कटनी में नामांकन के बाद स्क्रूटनी भी हो चुकी है। दावेदारों की सक्रियता भी बढ़ गई है बावजूद खुद दावेदार भी यह नहीं बता पा रहे कि वह जिस चुनाव की तैयारी में जुटे हैं वह होंगे भी या नहीं। एक और खास बात यह है कि इसी असमंजस के बीच सत्ताधारी दल अपनी तैयारियों में जी जान से जुट गया है। प्रदेश स्तर पर इसके लिए




एक संचालन समिति गठित की गई है जिसमें कटनी के विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक को सदस्य बनाया गया है। मतलब साफ है कि उहापोह के बीच भारतीय जनता पार्टी अपने प्लान बी पर काम कर रही है। इसी तरह कांग्रेस भी अंदर ही अंदर चुनावों की तैयारी में जुटी है। हालांकि इस मामले में कोर्ट जाकर कांग्रेस भ्रम की स्थिति में है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण वाली सीटों पर सामान्य मान कर चुनाव कराने का आदेश दिया जिसके बाद भाजपा हमलावर हो गई। भाजपा को लगता है कि यह फैसला ओबीसी वर्ग की कांग्रेस के प्रति नाराजगी बढ़ाएगा।


कटनी के संदर्भ में बात हो तो राजनीतिक दलों के कार्यालयों में उम्मीदवारों की भीड़ दिखने लगी है। वैसे भाजपा जैसा किसी और दल का कटनी में कोई कार्यालय नहीं है पर नेताओं के घर से ही कार्यालय चल रहे हैं लिहाजा भाजपा कार्यालय में तो सुबह से ही गहमागहमी देखी जा सकती है जबकि कांग्रेस के नेताओं के घर अब तक दावेदार या कहें उम्मीदवारों की जमघट लगने लगती है। चुनाव को लेकर हाई कोर्ट का भी एक निर्देश आ गया है जिसमें चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद इस पर स्थगन आदेश देने से इंकार कर दिया गया। जानकार बताते हैं कि हाई कोर्ट का यह निर्देश काफी काम आ सकता है तथा जब तक कोई दूसरा आदेश जारी नहीं होता आयोग पूरी तरह से चुनाव कराने के लिए स्वतंत्र है। उधर चुनाव को लेकर एक बड़ा वर्ग यह कहता नजर आता है कि सरकार ही चुनाव कराने के मूड में नहीं है। जो भी चुनाव की पंचायत खूब चल रही है।

### अधिसूचना जारी हो जाने के बाद अदालत को उसमें हस्तक्षेप का अधिकार नहीं रहता

हाईकोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 243 (ओ) में निहित प्रविधान के तहत चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाने के बाद अदालत को उसमें हस्तक्षेप का अधिकार नहीं रहता। खंडपीठ ने कहा की इसके पहले सात दिसंबर 2021 को समान मामले में ग्वालियर खंडपीठ ने भी अंतरिम राहत का आवेदन निरस्त कर दिया था, इसलिए ऐसी स्थिति में राहत नहीं दी जा सकती। हालांकि याचिकाकर्ताओं ने अब सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है।

# सर्द कहर

### सावधान..दो गुने हुए हार्टअटैक तथा पैरालिसिस के मरीज




**कटनी।** पूरे जिले में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है। लगातार दो दिन से तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। उत्तर भारत से आने वाली ठंडी हवा ने लोगों की जान मुश्किल में डाल दी है। लगातार गिरते तापमान का असर अब लोगों के दिल, दिमाग पर पड़ने लगा है। कल रात 3.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ, जो शिमला और जम्मू के बराबर कहा जा सकता है। इसी के साथ कटनी जिले में में दिन और रात के तापमान में 20.4 डिग्री सेल्सियस का अंतर देखा गया। जिले में 3 दिन से पड़ रही कड़ाके की ठंड ने नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है. लगातार दो दिन और रात के तापमान को देखे तो कोल्ड डे का नया रिकॉर्ड बन गया है। लगातार गिरते तापमान के बीच शहर में अचानक हार्टअटैक और पैरालिसिस के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे मेंजिले में प्राइवेट और सरकारी अस्पतालों में में हार्ट अटैक के मरीज और पैरालिसिस के मरीज की संख्या दोगुनी हो गई। जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा करीब 24 मरीज निजी अस्पताल में हैं। कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉक्टरों का कहना है कि कटनी जिले में एक दिन में हार्ट अटैक के 5 से 10 मरीज ही आते हैं। ठंड अधिक होने के कारण मामले अचानक बढ़े हैं। कड़कड़ाकी ठंड में अधिक उम्र के लोगों की परेशानी बढ़ रही है। खासकर बुजुर्गों की दिक्कत और बढ़ रही है। उच्च रक्तचाप और शुगर के रोगियों की लापरवाही उन्हें लकवा और हार्ट अटैक का शिकार बना सकती है।

# हर दस मिनट में लग जाता है शहर की सड़क पर जाम



**कटनी।** दिलबहार चौराहे से वीआइपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया। जाम करीब आधा घंटे तक लगा रहा। इस मार्ग पर दिन में कई बार जाम लगता है जिसका मुख्य कारण है कि सड़क पर वाहनों को खड़ा किया जाता है। साथ ही इसी मार्ग पर अतिक्रमण भी किया गया है। अस्थाई रूप से दुकानों को भी लगाया जा रहा है। अस्थाई रूप से दुकान लगाकर सड़कों पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसकी वजह से भी जाम लगता है। वहीं दिलबहार चौराहे में भी दिन भर अराजकता फैली रहती है। दिन भर चौराहे में आटो रिक्शा खड़े रहते हैं। सड़कों के किनारे दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी परेशानी का सबब बनी हुई है। चौराहे में सवारियों इंतजार में लगभग आधा दर्जन आटो रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण चौराहा ऑटो स्टैंड में तब्दील हो गया है।

# कड़ाके की ठंड के बीच दिखा पैदल चलने का उत्साह

## जिले में पहली बार आयोजित हुई पैदल चाल स्पर्धा, सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल

**कटनी।** कड़कड़ाती ठंड के बावजूद मास्टर्स एथलीटों ने गजब का उत्साह दिखाया और 35 से लेकर 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला और पुरुष शहर की सड़कों पर सरपट चलते नजर आए। मौका था कटनी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में आयोजित प्रथम पैदल चाल स्पर्धा का। सुबह 7 बजे फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड से शुरू हुई स्पर्धा में नगर के 35 से 80 आयु वर्ग के महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। स्वस्थ तन स्वस्थ जीवन की मूल धारणा को लेकर आयोजित इस स्पर्धा में ढोल बाजे की धुन के साथ जोश और उत्साह के बीच सभी प्रतिभागियों ने यह स्पर्धा पूर्ण की। महिला वर्ग की प्रतिभागियों ने फॉरेस्टर खेल मैदान से सिविल लाइन ,गणेश चौक, स्टेशन चौराहा ,सुभाष चौक ,कचहरी चौराहा होकर फॉरेस्टर खेल मैदान तक का रुट तय किया तो वहीं पुरुष वर्ग के प्रतिभागियों ने फॉरेस्टर खेल मैदान से सिविल लाइन ,गणेश चौक ,स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, झंडा बाजार,आजाद चौक, मिशन चौक, थाना तिराहा, स्टेट बैंक तिराहा,कचहरी तिराहा होकर फॉरेस्टर खेल मैदान तक का रुट। प्रतियोगिता के तहत 35 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम विकास चौधरी ,द्वितीय राजाराम यादव, तृतीय चंदन चक्रवर्ती,महिला वर्ग में प्रथम दीपा श्रीवास्तव, द्वितीय शशि मेहरा , तृतीय अफसाना बी, 40 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम मौसूफ अहमद, द्वितीय हिमांशु ग्रोवर, महिला वर्ग में प्रथम रोली शर्मा,





द्वितीय अर्चना गुप्ता, 45 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम राजेश कुमार गुप्ता, द्वितीय प्यारेलाल निगम, तृतीय सुमेश कुमार खरे ,महिला वर्ग में प्रथम शमा परवीन ,द्वितीय सपना जैन ,50 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम राजेश कुमार वर्मा, द्वितीय कमल कुमार गौड़ , तृतीय प्रवीण कुमार चक्रवर्ती, महिला वर्ग में प्रथम संगीता मानकर ,द्वितीय पूर्णिमा गिलानी, 55 वर्ष पुरुष वर्ग मे प्रथम शकील अहमद, द्वितीय मोतीलाल हल्दकार, तृतीय अनूप सरकार, महिला वर्ग में प्रथम प्रतिभा शर्मा, 60 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम एस के उरमलिया, द्वितीय मनोहर मंगलानी ,तृतीय रमाशंकर नायक, महिला वर्ग में प्रथम आशा मंगलानी, द्वितीय कविता मंगलानी, 65 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम अश्वनी बडगइयां, द्वितीय रविंद्र ईश्वर ,70 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम जेपी पाठक, 75 वर्ष पुरुष वर्ग में प्रथम के एल कनकने, द्वितीय वीरेंद्र राजश्री रहे। पुरस्कार वितरण राजेंद्र मंगलानी,वीरेंद्र जार, अर्चना सोनी, वीरेंद्र राजश्री, मौसुफ अहमद, संघ अध्यक्ष राजेश मनोध्या, कोषाध्यक्ष के एल कनकने, अर्चना मनोध्या द्वारा किया गया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले जगदीश प्रसाद गुप्ता व राजकुमार सोनखरे को भी मंच द्वारा सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी आदेश खरया,जगत सिंह बिष्ट, विभाष पाटिल , देवी सिंह ( डब्बू , बृजमोहन प्यासी, पवन टकरानी, अनिल खत्री, सुनील रजक भी उपस्थिति रहे ।मंच संचालन व आभार प्रदर्शन संघ सचिव आलोक जोसफ द्वारा किया गया।

**धार्मिक आयोजन**

# भव्य शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा आरंभ

**कटनी।** अनेका अनेक जन्मों के पुण्य कर्मों के पश्चात मनुष्य का जन्म मिलता है और उस जन्म में भी अनेका अनेक लोग इस भौतिकवादी युग में फंस कर अपना जीवन नष्ट कर देते हैं वे लोग वह परिवार बहुत सौभाग्यशाली है जिसे श्रीमद् भागवत कथा सुनने और सुनाने का अवसर मिलता है आज दुबे परिवार के द्वारा डॉक्टर भोलाराम की पुण्यतिथि पर यह पुण्य आयोजन किया जा रहा है भगवान के अवतारों का उल्लेख करते हुए कथा के प्रथम दिवस संत श्री ब्रह्मानंद दास जी महाराज ने संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वारा उपस्थित धर्म प्रेमी लोगों को भाव विभोर किया स्लीमनाबाद के प्रतिष्ठित नागरिक स्वर्गीय डॉ भोलाराम दुबे की पुण्यतिथि पर



दुबे परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है आज प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा सिंह वाहिनी मंदिर से आरंभ हुई जोकि नगर बस्ती होते हुए श्री राम मंदिर हनुमान मंदिर शिव मंदिर बाबा हरिदास मंदिर चंडी माता मंदिर होते हुए शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर कथा के प्रथम दिवस विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हुआ भव्य शोभायात्रा में गोलू तिवारी सुनील गुप्ता दिनेश दुबे महेंद्र दुबे नरेंद्र दुबे आर पी पांडे रज्जू पांडे अरविंद अग्रहरी संजय दुबे ठाकुर दत्त दुबे गोपाल गुप्ता मोहन गुप्ता संजु तिवारी लखन दुबे सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही

## राजस्थान महिला मंडल की पिकनिक

**कटनी।** कटनी जिले के राजस्थान महिला मंडल की पिकनिक संपन्न हुई। पिकनिक की शुरुआत अग्रसेन भगवान जी एवं मां लक्ष्मी के पूजन से हुई। साथ ही आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई उसके पश्चात पिकनिक का कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें सभी ने मिलकर ढेर सारी खेल खेले एवं वन भोग का आनंद उठाते हुए सभी ने मनोरंजन किया, खूब सारी मस्ती, सेल्फी, हाउसिंग, लकी गेम, हंसी मजाक हुआ। सपना सरावगी, रेणु बृजमोहन गट्टानी सचिव, हनसा अजय खंडेलवाल अलका सरावगी आरती तुला सचिव, मधु शर्मा आदि में उपस्थित

**गर्ल्स कालेज के युवा उत्सव में छात्राओं का बेहतरीन परफार्मेंस**

# आया रे आयो रे आयो रे म्हारो ढोलना...




**कटनी।** आया रे आयो रे आयो रे म्हारो ढोलना ... गीत पर ग्रुप डांस परफार्म होते ही सारा हॉल तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा । छात्राओं ने एकल एवं पारंपरिक क्षेत्रीय डांस में कला संस्कृति के विविध रंगों की छटा बिखेरी । वहीं प्रतिभागियों ने हे शारदे वरदे ... कत्थक नृत्य से कला का जादू बिखेरा । अवसर था शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयीन युवा उत्सव कार्यक्रम के समापन का । तीन दिवसीय कार्यक्रम में छात्राओं ने समसामयिक विषयों सहित साहित्यिक विधा एवं रूपांकन , माइम स्किट , अभिनय में जबर्दस्त परफार्मेंस किया । शासकीय कन्या महाविद्यालय में युवा उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से महाविद्यालय प्राचार्य डॉ . आरके गुप्ता , युवा उत्सव प्रभारी श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव , डॉ . किरण खरादी , डॉ . साधना जैन , डॉ . विमला मिंज द्वारा किया गया । इन प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रा जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता शामिल होंगीं । इस अवसर पर महाविद्यालय क डॉ . साधना जैन , डॉ . विमला मिंज , ड संजयकांत भारद्वाज , डॉ . अशोक शर्मा डॉ . प्रतिमा सिंह , श्रीमती रिचा पाण्डे श्रीमती श्रद्धा गुप्ता , श्रीमती प्रियंका सोनी श्रीमती आर . कुशवाहा , श्रीमती देववत चक्रवर्ती , भीम बर्मन , प्रेमलाल कांवरे ए समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा ।



## जिला चिकित्सालय में कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण



**कटनी।** जिला चिकित्सालय में आज कायाकल्प टीम ने निरीक्षण किया। टीम में क्षेत्रीय संचालक जबलपुर डॉ. संजय मिश्रा एवं डॉ. शरद मेश्राम जिला चिकित्सालय मंडला शामिल रहे। कायाकल्प टीम ने जिला चिकित्सालय में निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विदित हो कि टीम की रिपोर्ट के आधार पर ही राज्य सरकार के स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा पुरस्कार दिया जाता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, डॉ. सुनीता वर्मा सहित अन्य चिकित्सकों की मौजूदगी रही।

नीरज सिनेप्लेक्स में




अंतिम 7 दिन
रोजाना 3 शो ता. 17 से दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
अंतिम 7 दिन




रोजाना 2 शो ता. 24 से 1 एवं सायं 4 बजे से (हिन्दी में)
SPIDERMAN
(NO WAY HOME )
कलाकार
टॉम हालैंड, जेमी फॉक्स, हैरी हालैंड, अल्फ्रेड, मोलीना आदि।

सिटी मॉल बरही रोड में
साइंस फिक्शन फिल्म




रोजाना 2 शो ता. 24 से सायं 7 एवं रात्रि 10 बजे से (हिन्दी में)
MATRIX Resurrections
कलाकार- कीनू रीव्स, लॉरेंस फिशबर्न, यूगो वीविंग आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

# बढ़ा गलाव पर अलाव नदारद



**कटनी।** जिले में शीतलहर का दौर जारी है। इस बीच ठिठुरन भरी रात का असर ऑटो व रिक्शा चलाने वालों पर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कई दशक बाद कटनी का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे आया है। कड़ाके की ठंड के कारण स्टेशन चौक, बसस्टैंड व दूसरे प्रमुख स्थानों पर लोग अलाव की आग से ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। शीतलहर के कारण ट्रेन में सफर करने वाले मुसाफिरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच शनिवार रात माधवनगर विश्राम बाबा गेट के समीप एक बुजुर्ग बारदाना जलाकर ही ठंड से बचते नजर आए। नागरिकों ने बताया कि नगर निगम द्वारा ठंड से बचाव में अलाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण मुसाफिरों को परेशानी होती है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड और शीतलहर के कारण फसलों पर पाला पडने् की आशंका जताई जा रही है। एक दिन पहले कृषि विज्ञान केंद्र पिपरौंध कटनी के स्वचालित ऑब्जर्वेटरी में शनिवार रात का तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। जिसके कारण जिले में सब्जी वर्गीय फसलों के साथ-साथ आलू की फसल में पाला का असर पडने् की आशंका जताई जा रही है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने इस बारे में एडवायजरी जारी की है। इसमें किसान भाइयों को सलाह दी गई है कि वे अपने खेतों में तुरंत कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 250 ग्राम प्रति एकड़ में घोल बनाकर छिड़काव करें या फिर 500 ग्राम डस्ट को 1 एकड़ में रेत में मिलाकर छिड़काव करें। पाले से बचाव के लिये मृदा में पर्याप्त नमी बनाए रखें तथा फसलों को स्प्रिंकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई करते रहें।

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper




# 4510 में से 2133 महिलाओं ने जमा किए नाम निर्देशन पत्र

## प्रथम और द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच, कल नाम वापसी

**कटनी।** ओबीसी आरक्षण पर रोक के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बीच जिले में प्रथम और द्वितीय चरण के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 20 दिसंबर को पूरी कर ली गई। पहले चरण के लिए 2284 और दूसरे चरण के लिए 2226 नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच व पंच पद के लिए नामांकन जमा होने के बाद अब फार्मों की जांच व नाम वापिसी का सिलसिला शुरू होगा और इसके बाद ही निर्वाचन क्षेत्रों में अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट होगी। विदित हो कि पहले चरण के लिए आगामी 6 जनवरी को मतदान होना है। खास बात यह है कि पहले और दूसरे चरण के लिए जमा किए कुल 4 हजार 510 नाम निर्देशन पत्रों में से 2 हजार 133 महिलाओं ने भी अपने नामांकन दाखिल करते हुए राजनीति में रूचि दिखाई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि 20 दिसंबर को जमा किए गए नामांकन पत्रों की आज 22 दिसंबर का जांच और कल 23 दिसंबर को नाम वापसी के लिए दिन निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रथम चरण में जिले की बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत निर्वाचन होने हैं। प्रथम चरण के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच पद के लिए कुल 2284 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किए हैं। जिसमें जिला पंचायत सदस्य के 21 नामांकन निर्धारित तिथि तक जमा हुए। वहीं प्रथम चरण के लिए बहोरीबंद जनपद पंचायत में जनपद सदस्य पद के लिए 82, सरपंच पद के 342 और पंच पद के लिए 842 अभ्यर्थियों ने फार्म जमा किए हैं। इसी प्रकार प्रथम चरण के निर्वाचन के लिए रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र में जनपद सदस्य पद के लिए 54, सरपंच पद के लिए 248 और पंच पद के 695 नामांकन दाखिल हुए।

**इनका कहना है**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि ओबीसी आरक्षण को लेकर अब तक राज्य निर्वाचन आयोग से कोई निर्देश नहीं मिले हैं।

### ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन साधना परस्ते ने अनुविभागीय अधिकारी एवं नोडल अधिकारी परिवहन को वाहन अधिग्रहण के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। आज 22 दिसम्बर को कृषि उपज मण्डी स्थित ईवीएम वेयर हाउस में 2 नग बड़े कंटेनर वाहन अथवा 4 नग बंद बड़े 10 चका ट्रक मय जीपीएस सहित उपलब्ध कराये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर व अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया गया है। प्रथम चरण में सम्मिलित जनपद पंचायत बहोरीबंद एवं रीठी की प्रथम रेण्डमाईजेशन 21 दिसम्बर को पूर्ण की जा चुकी है। आज जनपद मुख्यालय पर द्वितीय रेण्डमाईजेशन एवं कमीशनिंग की कार्यवाही के लिये ईवीएम मशीनों का परिवहन कराया गया है।

### पहले और दूसरे चरण के लिए जमा हुए नामांकन की जानकारी

| ब्लॉक | पद | पुरूष | महिला | अन्य | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | जिला पंचायत सदस्य (प्रथम) | 06 | 15 | 00 | 21 |
| | जिला पंचायत सदस्य (द्वितीय) | 12 | 05 | 00 | 17 |
| बहोरीबंद | जनपद सदस्य | 42 | 40 | 00 | 82 |
| | सरपंच | 160 | 182 | 00 | 342 |
| | पंच | 444 | 398 | 00 | 842 |
| रीठी | जनपद सदस्य | 20 | 34 | 00 | 54 |
| | सरपंच | 129 | 119 | 00 | 248 |
| | पंच | 367 | 328 | 00 | 695 |
| कटनी | जनपद सदस्य | 32 | 22 | 00 | 44 |
| | सरपंच | 107 | 127 | 00 | 234 |
| | पंच | 362 | 283 | 00 | 645 |
| बड़वारा | जनपद सदस्य | 40 | 30 | 00 | 70 |
| | सरपंच | 159 | 128 | 00 | 287 |
| | पंच | 497 | 422 | 00 | 919 |
| **कुल योग** | **प्रथम चरण** | **1168** | **1116** | **00** | **2284** |
| | **द्वितीय चरण** | **1209** | **1017** | **00** | **2226** |

### द्वितीय चरण के लिए 2226 ने नामांकन दाखिल

जिले में द्वितीय चरण के निर्वाचन में कटनी व बड़वारा जनपद पंचायत को शामिल किया गया है। दूसरे चरण के निर्वाचन के लिए जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कुल 17 नामांकन दाखिल हुए हैं। वहीं जनपद पंचायत कटनी में जनपद सदस्य पद के लिए 54, सरपंच पद के लिए 234 और पंच पद के लिए 645 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़वारा में जनपद सदस्य पद के 70, सरपंच पद के 287 और पंच पद के लिए 919 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### महिलाएं भी पीछे नहीं

प्रथम चरण में 1116 व द्वितीय चरण के लिए 1017 महिलाएं भी मैदान मेंपंचायत निर्वाचन में महिलाओं की भी भागीदारी रहेगी। प्रथम चरण के लिए जहां बहोरीबंद व रीठी जनपद पंचायत से 1168 पुरूषों ने नामांकन दाखिल किया है तो वहीं 1116 महिलाओं ने भी जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच पद के लिए दावेदारी पेश की है। वहीं द्वितीय चरण के लिए बड़वारा व कटनी जनपद पंचायत में जहां 1209 पुरूषों ने नामांकन जमा किया है तो 1017 महिलाओं ने फार्म जमा किए हैं।



# गोंडवाना से 21 करोड़ कमाई

## महाकोशल में 5 लाख यात्रियों ने किया सफर

**कटनी। कोविड की चुनौतियों के बावजूद पश्चिम मध्य रेलवे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करते हुए रेलवे राजस्व में वृद्धि कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में अप्रैल से नवंबर तक पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर से प्रारंभ होकर कटनी रेलवे जंक्शन, कटनी मुड़वारा और कटनी साऊथ रेलवे स्टेशन होकर गुजरने वाली गाड़ियों की राजस्व की प्राप्ति एवं यात्रा किये हुए यात्रियों में निरंतर वृद्धि हो रही है।**

**राजस्व देने के मामले में पश्चिम मध्य रेलवे में पहले नंबर पर**

गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली टॉप 5 यात्री गाड़ियों में कटनी मुड़वारा होकर गुजरने वाली जबलपुर हजरत निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस, जबलपुर हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस भोपाल दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस एवं जबलपुर हजरत निजामुद्दीन महाकोशल एक्सप्रेस शामिल है। जिसमे गोंडवाना एक्सप्रेस में पिछले 8 महीनों में 21.32 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया गया है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस से 19.93 करोड़ रुपये, गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस से 19.59 करोड़ रुपये, गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-सोमनाथ एक्सप्रेस से 18.67 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया है। इसी तरह पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ होने वाली गाड़ियों में यात्रा किये यात्रियों की टॉप 5 यात्री गाड़ियों में गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस में 6.32 लाख यात्रियों ने सफर किया। इसी तरह गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस में 5.37 लाख एवं गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस में 5.15 लाख यात्रियों ने सफर किया। पश्चिम मध्य रेल हमेशा यात्री सुविधाओं में विस्तार करके ज्यादा से ज्यादा रेलवे यातायात को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रियों को रेलवे यातायात की ओर आकर्षित करने के लिए पश्चिम मध्य रेल ने सुरक्षा एवं संरक्षा में लगातार वृद्धि कर रहा है।

# लगातार चौथे वर्ष कटनी चैप्टर को बेस्ट यूनिट अवार्ड



भोपाल में आयोजित जनपरिषद के वार्षिक समारोह में मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने किया सम्मान

**कटनी।** राजधानी भोपाल में आयोजित जनपरिषद के 32 वें वार्षिक समारोह में कटनी चैप्टर को लगातार चौथी बार बेस्ट यूनिट का अवार्ड मिला। यह सम्मान प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने प्रदान किया। इस मौके पर मिस इंडिया ग्लोबल हर्षल बजाज, मिसेज यूनिवर्स एवं भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की उपाध्यक्ष रूबी यादव, मिसेज इंडिया हेमा बैजल, जनपरिषद के चेयरमैन पूर्व डीजीपी एनकेजे त्रिपाठी, पूर्व डीजीपी एवं उपाध्यक्ष महान भारत सागर, पूर्व आईएएस अजात शत्रु श्रीवास्तव, जीपी श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, जबलपुर के विधायक विनय सक्सेना एवं जनपरिषद के संयोजक रामजी श्रीवास्तव की मौजूदगी रही। मध्यप्रदेश राज्य संग्रहालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीपी खन्ना द्वारा जनपरिषद के मुख पत्र देवभारती के 75 वें अंक का विमोचन हुआ। संस्था की ओर से विजय खंडेलवाल स्मृति पुरूस्कार, अमरचंद अजमेरा स्मृति पुरूस्कार, ललित श्रीवास्तव स्मृति पुरूकार, मेन ऑफ द मीडिया सहित कई श्रेणियों में समाज में सराहनीय कार्य करने वाले 32 समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष भर संस्था की गतिविधियों में सराहनीय कार्य करने के लिए बेस्ट यूनिट का अवार्ड इस बार तीन चैप्टरों को दिया गया जिसमें कटनी चैप्टर भी शामिल है। कटनी जनपरिषद की ओर से यह सम्मान जनपरिषद के प्रांतीय सचिव एवं कटनी यूनिट के सूत्रधार आशीष सोनी, कटनी चैप्टर के जिलाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव प्रखर एवं उपाध्यक्ष अजय खरे पंकज ने ग्रहण किया। पंचायत मंत्री श्री सिसोदिया ने शाल उढ़ाकर सम्मान पत्रक के साथ बेस्ट यूनिट अवार्ड सौंपा। समारोह में कटनी यूनिट की सराहना करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि लगातार चौथे वर्ष अपनी सक्रियता से यह मुकाम हासिल करना सराहनीय है। इससे अन्य चैप्टरों को भी प्रेरणा लेना चाहिए। कार्यक्रम में कटनी डिस्ट्रिक्ट चेप्टर के अंतर्गत आने वाली कैमोर एवं बरही यूनिट की सक्रियता की भी सराहना की गई। कटनी की टीम ने इस सम्मान के लिए अतिथियों के साथ जनपरिषद के चेयरमेन एनके त्रिपाठी एवं संयोजक रामजी श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया है।

# पंचायत चुनाव की बारीकियों से अवगत होंगे मतदान कर्मचारी

**कटनी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि 23 से 24 दिसम्बर तक जिले के 4 प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। जिसमें त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिये नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से सांय 5 बजे तक होगा। जिसमें प्रशिक्षण प्रदाय करने मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई गई है। सभी नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स को निर्धारित दिवसों में प्रातः 10 बजे से अपनी उपस्थिति निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित दिवसों में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज झिंझरी के कक्ष क्रमांक 105, 106, 108 और 109 में यह प्रशिक्षण आयोजित होगा। जिसमें कक्ष क्रमांक 105 में मास्टर ट्रेनर्स एन.पी. गुप्ता, आलोक पाठक द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं कक्ष क्रमांक 106 में मास्टर ट्रनर उमेश निगम और संतवक्श तिवारी, कक्ष क्रमांक 108 में प्रशांत मिश्रा और नारेन्द्र बड़खेड़कर और कक्ष क्रमांक 109 में डॉ. आर.पी. सिंह, धी.आर.के. मिन्नरकर और डॉ. अनिल तीहेल द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। वहीं रिजर्व में 4 मास्टर ट्रेनर्स की रखा गया है। जिनमें एन.पी. दुबे, पी.एन. प्रसाद, राजेन्द्र असाटी और अभय कुमार जैन शामिल है।

# भट्ठा मोहल्ला में कई महीने से नालियां जाम

**सड़ांध मारती गंदगी, बीमारियों का खतरा, शिकायत पर अभद्र व्यवहार पर उतारू वार्ड दरोगा**

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के लिए जहां एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और वार्डों, चौराहों के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वच्छता दूत सुबह से ही सफाई में जुट रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ शहर से लगे वार्डों में ही स्वच्छता अभियान की पोल खुल रही है। इन वार्डों में न तो सफाई कर्मी सफाई के लिए पहुंच रहे हैं और न ही नियमित रूप से नालियों की सफाई हो रही है। मदन मोहन चौबे वार्ड के अंतर्गत दुर्गा माता मंदिर से पानी की टंकी की तरफ जाने वाले मार्ग पर स्थित नालियों की सफाई पिछले कई महीनों



से नहीं हुई है, जिससे पूरे क्षेत्र में सड़ांध मारती गंदगी का आलम है। क्षत्र के नागरिकों का कहना है कि नालियों की सफाई और सड़कों पर झाड़ू लगाने के लिए वार्ड के दरोगा अमर से कहा जाता है, तो उसके द्वारा लोगों के साथ अशोभनीय व्यवहार किया जा रहा है। वार्ड दरोगा द्वारा बरती जा रही उदासीनता से क्षेत्र के लोग नाराज है। बताया जाता है कि सफाई कर्मचारी केवल भट्ठा मोहल्ला मुख्य मार्ग में सफाई करते हैं और चले जाते हैं। अंदरूनी गलियों की सफाई की तरफ बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ शहर में स्वच्छता अभियान संचालित हो रहा है तो दूसरी तरफ भट्ठा मोहल्ला में नालियां कई महीने से चोक हैं। जिससे गंदगी के साथ ही संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने कलेक्टर प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे से भट्ठा मोहल्ला में नियमित रूप से सफाई करवाने की मांग की है।

# क्रिसमस : घरों में साज-सजावट, चर्चों में रंग बिरंगी रोशनी

## सेलीब्रेशन के लिए तैयारी में जुटे मसीही धर्मावलंबी, विभिन्न तरह के स्टार्स से घरों को किया जा रहा डेकोरेट

*कटनी। ठंड का मौसम बहुत ही खास होता है, वहीं क्रिसमस त्यौहार के आगमन की तैयारियों ने इसे और भी खास बना दिया है। इसी वजह से अपने इस प्रमुख त्यौहार को मनाने सभी ईसाई परिवारों में ढेरों तैयारियां शुरू हो गई है, ताकि इस बड़े दिन को धूमधाम से सेलीब्रेट कर कुछ खास बना सकें। इसी वजह से घर सजाने से लेकर बहुत से इंतजाम अभी से दिखाई देने लगे हैं। क्रिसमस पर अपने घर को खास ढंग से सजाने मार्केट में कई सारी चीजें उपलब्ध हैं। यीशु मसीह के जन्म के अवसर पर हर घर में विभिन्न तरह से साज-सज्जा होने लगी है। स्टाईलिश क्रेप पेपर, साइनिंग क्रेप झालर, स्टेच्यू, कैंडिल्स सभी कुछ से क्रिसमस के पहले ही पूरी तैयारियां और सजावट शुरू हो जाती है। इस बार भी ये सब लोगों के घरों में दिखाई देने लगा है। घरों को सजाने विशेष तैयारियों के साथ लाईटिंग का भी ध्यान रखा जाता है, इसी वजह से रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरती झालर और विभिन्न तरह के स्टार्स से घर डेकोरेट किए जाने लगे हैं, ताकि यीशू के जन्म अवसर पर चारों तरफ झिलमिलाती रोशनी रहे, साथ ही स्टार्स का विशेष महत्व होता है यह घरों में लगाया जाना जरूरी होता है, तो एक से बढ़कर एक स्टार्स बाजार की शान बढ़ा रहे हैं।*





क्रिसमस पर जहां लोग अपनी खुशियों को बांटने के साथ इस पर्व को पूरे उत्साह से मनाने की कोशिश में होते हैं। वहीं घरों में खास तरह की गौशाला का स्वरूप निर्मित किया जाता है ताकि प्रभु के जन्म स्थान छवि इस चरनी में दिखे। सभी तैयारी में इसका विशेष महत्व होता है क्योंकि स्वर्ग दूतों द्वारा माता मरियम को संदेश मिला था कि वह येसु को जन्म देंगी, और वो भी गौशाला में इसी कारण चरनी से घरों को विशेष स्थान पर सजाकर रखते हैं। इसमें कई कलात्मक चीजों का प्रयोग भी किया जाता है। ये सेट मार्केट में मिलते हैं क्योंकि विशेष महत्व होने के कारण इसकी घरों में बहुत आकर्षित सजावट होती है। चरनी सेट में चारे से बनी गौशाला, भेड़ बकरियों की मूर्तियां, चरवाहे और भगवान येसु माता मरियम के साथ ऐसा पूरा सेट होता है जिनसे खास साज सज्जा होती है। मार्केट में विभिन्न प्रकार के चरनी सेट खरीदे जाने लगे हैं। और इनसे घर की सजावट भी की जाने लगी है। घरों में कई दिन पहले से जहां कई तैयारियां शुरू हैं, वहीं क्रिसमस का केक खास हो इस बात को मद्देनजर रखते हुए सभी घरों में स्पेशल केक बनाने से लेकर बेकरी सेंटर में आर्डरकिए जाने लगे हैं, जहां कई शेप वाले केक सांता क्लॉज स्टाईल, क्रिसमस ट्री डिजाइंस सजावाट वाले, बुक स्टाईल, टेडीबियर स्टाईल, गोल वाले बड़े छोटे सभी आकार के विशेष केक की डिमांड की जाने लगी है, साथ ही कुछ घरों में जहां लोग स्वयं घर में केक बनाते हैं वे भी तैयारियों में जुटे हैं।

क्रिसमस ट्री का बहुत महत्व होता है। विभिन्न तरह की डिजाइनों से सुसज्जित ट्री बाजार की शोभा से लेकर घरों की शान बढ़ाने मिलने लगे हैं। इनमें खास सजावट होती है, ठंड के मौसम की झलक दर्शाते हुए इनको रंग बिरंगे क्रेप, झालर कलर्स बॉल्स से सजाकर लोग अपने घरों में रखते हैं, ये सारी तैयारियां अभी से नजर आने लगी हैं।

### हर तरफ दिख रही क्रिसमस की धूम

हर तरफ क्रिसमस की तैयारियों की धूम दिखने लगी है, इस मौके पर अपने खास को देने के लिए गिफ्ट भी सज गये हैं, सभी पर्वों की तरह इसमें भी बच्चों, युवा और हर किसी को गिफ्ट देने का चलन है, इसी वजह सभी चीजों के साथ ढेरों गिफ्ट आयटम्स लोगों के दिलों को लुभाने लगे हैं। क्रिसमस के अनुरूप कई सारे आयटम्स आये हैं, जिनमें, स्टेच्यु सेट, फ्लावर एंटीक शो पीस, क्रिस्टल स्टेच्यु, सभी कुछ खास हैं। मौका चाहे जो भी हो बच्चों को गिफ्ट लेना बहुत पसंद होता है, इसी वजह से बच्चों के खास गिफ्ट हैं, इनमें टेडीवियर, डॉल्स मंकी, खिलौनों के सेट, गेम्स, वॉटर गेम्स, क्योंकि सांता क्लाज गिफ्ट देते हैं, तो घर के बच्चों को सांता बनकर गिफ्ट देने उनकी पसंद के मुताबिक चीजें हैं ।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

कटनी। जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक कल 23 दिसम्बर को कलेक्टर की अध्यक्षता में दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में समिति सदस्यों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर
त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
डॉ. हितेश लोकवानी
एम.बी.बी.एस., एम.डी. , डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 25/12/2021) समय प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक)
।। उपलब्ध उपचार ।।
कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना
हर माह के चौथे शनिवार को प्रातः 11 बजे से 3:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।
नोटः असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।

पश्चिम मध्य रेल
ई- निविदा सूचना
संख्या : उप मु अभि.(नि.) भो/सतना/17/2021 दिनांक 16.12.2021
उप मुख्य अभियंता-।।/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/सतना भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें (दोहरी निविदा पद्धति) आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या** - उप मु अभि.(नि.)-।।/सतना/17, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** - सतना- पन्ना नई बडी रेललाईन परियोजना के अंतर्गत सतना-पन्ना खण्ड में नये/ बचे हुए स्टेशन स्टाफ क्वार्टर (टाईप ।। - 55 यूनिट, टाईप ।।। - 16 यूनिट, टाईप IV - 8 यूनिट) आवेरहेड टेंक व अन्य सर्विस बिल्डिंग (पन्ना में AEN, ASTE, PWI, IOW, SI, SSE, इलेक्ट्रिक ऑफिस, हेल्थ यूनिट, RPF बैरक ) का निर्माण एवं अन्य संबंधित विविध कार्यो का करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)**- 4056.76 लाख, **बयाना राशि रूपये**- निल, **निविदा खुलने की तिथि**- 13.01.2022, **कार्य समापन अवधि (माह)**- 18 माह हारवेस्ट एवं मानसून सत्र सहित, ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाईट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/निर्माण/पश्चिम मध्य रेल/ हबीबगंज/भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाईट को निविदा खुलने की तिथी तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धिपत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।
उपमुख्य अभिंयता-।।/निर्माण
पश्चिम मध्य रेल/सतना
कोरोना को है हराना,
तो टीकाकरण जरूर कराना

# मतगणना के बाद थम जाएगी चुनाव प्रक्रिया

## परिणामों की घोषणा के लिए उम्मीदवारों को करना पड़ेगा इंतज़ार, जिला पंचायत और जनपद अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष के चुनाव में भी फंसेगा पेंच

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में 17 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद से बदली हुई परिस्थितियों ने पूरी निर्वाचन प्रक्रिया को ही उलझा कर रख दिया है। राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग इन उलझनों को सुलझाने का प्रयत्न तो कर रहे पर सब कुछ जल्द ठीक होता नज़र नहीं आ रहा। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन पदों पर चुनाव रोक दिए गए हैं उन पर कब तक और किस प्रक्रिया के तहत चुनाव कराए जाएंगे। जब तक रोके गए पदों पर चुनाव सम्पन्न नहीं हो जाते तब तक जिला पंचायत और जनपद अध्यक्ष पद का चुनाव भी नहीं हो पायेगा। निर्वाचन के बाद एक महीने के भीतर तीनों स्तर पर पंचायतों का प्रथम सम्मेलन बुलाकर उपाध्यक्ष और उपसरपंच का चुनाव कराया जाता है पर जिन परिस्थितियों में मौजूदा चुनाव हो रहे उन परिस्थितियों में प्रथम सम्मेलन एक महीने के भीतर बुलाया जाना संभव नहीं दिख रहा। बहरहाल इन सब सवालों के बावजूद सरकार और चुनाव आयोग को भरोसा है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।




उल्लेखनीय है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया जारी है। कोरोना महामारी सहित कुछ अन्य कारणों से राज्य सरकार नियत समय पर चुनाव नही करा पाई। जबकि 2019 में पंचायतें अपना कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। मतदाता सूची अपडेट करने से लेकर आरक्षण और परिसीमन तक कि प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। बस चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होनी शेष थी पर प्रदेश में कोरोना के फैलते संक्रमण की वजह से चुनाव स्थगित करना पड़ा। परिसीमन और आरक्षण निर्धारण हो जाने के एक साल बाद तक भी चुनाव नहीं हो पाने के कारण परिसीमन और आरक्षण दोनों पंचायती राज अधिनियम के तहत रदद हो गए। राज्य सरकार ने 2021 के अंत तक त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने का निर्णय ले लिया था इसलिए आनन फानन 21 नवम्बर को एक अध्यादेश लाकर 2014-15 के आरक्षण के अनुसार पंचायत चुनाव कराने का निर्णय ले लिया गया। कांग्रेस सहित अनेक कानूनविद सरकार के इस निर्णय को असंवैधानिक करार दे कर इसका विरोध कर रहे थे पर सरकार ने किसी की नहीं सुनी और तीन चरणों में पंचायत चुनाव का कार्यक्रम घोषित कर दिया। घोषित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव की प्रक्रिया जारी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंच से लेकर जिला पंचायत सदस्य तक के पदों पर प्रथम और द्वितीय चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन जमा किये जा चुके हैं।

### नई अधिसूचना जारी कर सरकार बाद में करायेगी चुनाव

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब राज्य सरकार पिछड़े वर्ग के लिए नई अधिसूचना जारी करेगी और जिन पदों पर अभी चुनाव नहीं हो पा रहे उन पर बाद में चुनाव कराए जाएंगे। 17 दिसम्बर तक पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर जमा किये गए नामांकन सुरक्षित रखने के निर्देश भी सरकार की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को जारी किए गए हैं। अब सवाल यह है कि राज्य सरकार भले ही नई अधिसूचना जारी करे पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन तो उसे तब भी करना पड़ेगा। आरक्षण का प्रतिशत यदि 27 फीसदी भी रखा गया तब भी पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित पदों की संख्या कम करनी पड़ेगी। अगर ऐसा हुआ तो जो पद पिछड़े वर्ग के आरक्षण से मुक्त हो जाएंगे उन पर भी नए सिरे से चुनाव कराना होगा। फिर नई मतदाता सूची नये सिरे से अधिकारियों को प्रशिक्षण, नये मतपत्र सहित चुनाव से सम्बंधित सभी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ेगी जिसमें कई महीने का समय लगेगा।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते 1179 पदों पर रुका चुनाव

पंचायत चुनाव की जारी प्रक्रिया में सबसे बडी रुकावट बीते 17 दिसम्बर को तब आ गई जब सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर रोक लगा दी। जिले में पिछड़े वर्ग के लिए पंच-सरपंच से लेकर जनपद और जिला पंचायत सदस्य तक के लिए 1179 पद आरक्षित थे। 17 दिसम्बर तक इन पदों पर नामांकन लिए जा रहे थे पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश आ जाने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 18 दिसम्बर से इन पदों पर नामांकन नहीं लिए गए हालांकि नामांकन जमा करने के लिए तब भी तीन दिन का समय शेष था।

### पूरी प्रक्रिया हुए बिना घोषित नहीं किये जा सकेंगे नतीजे

चुनाव की प्रक्रिया नामांकन दाखिले से शुरू होकर निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रथम सम्मेलन बुलाये जाने और प्रथम सम्मेलन में उपाध्यक्ष तथा उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न होने के बाद ही चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण माना जाता है। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में मतदान के बाद मतगणना तो हो जाएगी पर परिणाम की घोषणा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते हो पाना संभव नहीं होगा। इसके अलावा पिछड़े वर्ग के जिन पदों पर चुनाव नहीं हो रहा वे पद भी अभी रिक्त ही रहेंगे। ऐसी स्थिति में चुनाव के एक माह बाद भी प्रथम सम्मेलन नही बुलाया जा सकेगा। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव तो हो जाएगा पर जनपद अध्यक्ष एउपाध्यक्ष तथा जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए भी अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा।



# स्वाधीनता के इतिहास और दांडी यात्रा से अवगत हुए छात्र

**कटनी।** आजादी के 75वें वर्ष को देश भर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न शासकीय विभागों सहित शैक्षणिक संस्थानों में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस नई बस्ती स्थित कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज में वर्चुअल बोर्ड के माध्यम से महाविद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को भारतीय इतिहास एवं राष्ट्रपिता महात्मागांधी की दाण्डी यात्रा से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साइकिल रैली के माध्यम से जनमानस को स्वतंत्रता से सम्बंधित इतिहास से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के तीसरे चरण में महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 19 मार्च को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंतिम चरण में एक प्रदर्शनी का आयोजन कर जन-जन को स्वतंत्रता के आन्दोलन के इतिहास से अवगत कराया जाएगा। वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# सावधान! गंदगी की तो खैर नही, भरना होगा जुर्माना

## नगर परिषद बरही का फरमान, सार्वजनिक स्थलों में गंदगी करने वालों के खिलाफ एक्शन में आए सीएमओ

**बरही।** नगर परिषद बरही के सीएमओ मनोहर विन्जवार एक्शन मोड में है। नगर की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने जहां सीएमओ ने स्वच्छता मित्रों को सख्त निर्देश दिए, तो वही सार्वजनिक स्थल में गंदगी करने वालो के खिलाफकार्यवाई करने, दंड लगाने के फरमान भी दिए। उन्होंने ने साफ कहा कि चाहे दुकानदार हो या कोई भी गंदगी करेंगे तो, जुर्माना भरना पड़ेगा, नही माने तो सख्त कदम भी उठाया जाएगा। दरअसल सोमवार की शाम 5 बजे नगर परिषद बरही में स्वच्छता सर्वेक्षण की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में नगर के युवा स्वाथ्य अधिकारी डॉ दीपक अग्रवाल को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। स्वस्छ्ता मित्रों को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रमाण-पत्र, गरम कपडे भेंट कर सम्मानित भी किया गया और ताकीद दी गई तो स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए सभी तैयार रहे। नगर को स्वच्छ, स्वस्थ्य बनाने के लिए सभी पूरी ईमानदारी से कार्य करे। इस संबंध में मनोहर विन्जवार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बरही ने बताया कि स्वच्छता के प्रति नगर परिषद संकल्पित है। गंदगी करने वालो के खिलाफ रोको-टोको कार्यक्रम चलाया जाएगा, वही जिनके भी सेप्टिक टैंक सीधे नालियों से जुड़े है, उनका सर्वे कराकर उसे बंद करने की कार्यवाई की जाएगी। सीएमओ ने नगरवासियो से स्वच्छता बनाने में सहभागी बनने अपील की है। वही ब्रांड एम्बेसडर बने डॉ दीपक अग्रवाल ने कहा कि वे पूरा प्रयास करेंगे कि बरही नगर को प्रदेश में सबसे सुंदर, साफसुथरा, स्वच्छ नगर के रूप में उभरकर सामने आए, इसके लिए स्वच्छता मित्रों के साथ मिलकर रोको-टोको थीम पर काम किया जाएगा, गंदगी से होने वाले दुष्परिणाम से लोगो को जागरूक किया जाएगा। बैठक में इंजीनियर देवेंद्र सोनी, स्वच्छता प्रभारी रामलाल वर्मन, मनोज कोरी, तीरथ चतुर्वेदी रिंकू, पत्रकार आनंद सराफ, कृष्ण कुमार मिश्रा सहित परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि नगर परिषद बरही शौच मुक्त नगर होने के बाद भी सार्वजनिक तालाबो में गंदगी करने, खुले में शौच करने से लोग परहेज नही कर रहे है, नगर की फ़िज़ा बिगाड़ने वाले स्वच्छता के ऐसे दुश्मनो के खिलाफनगर परिषद बरही द्वारा उठाए जा रहे कदम कितना कारगर होगा, यह वक्त ही बताएगा, लेकिन नगर परिषद के इस प्रयास के सहभागी नगरवासी बनेंगे तभी स्वस्छ्ता मिशन कारगर सिद्ध होगा।



युवा चिकित्सक डॉ. दीपक अग्रवाल बने परिषद के ब्रांड एम्बेसडर





# तिलक कॉलेज के युवा महोत्सव में दिखी लोक संस्कृति की झलक

**कटनी।** महाविद्यालयों में चल रहे युवा महोत्सव कार्यक्रम के तहत गत दिवस जिले के अग्रणी शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भी युवा उत्सव का कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. हेमलता शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में सर्वप्रथम एकल गायन, समूह गायन एवं पाश्चात्य गायन, के साथ प्रारम्भ हुआ। इसके उपरान्त एकल नृत्य, समूह नृत्य, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर निर्माण और कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल के रुप में डॉ. हेमलता गर्ग, श्रीमती लक्ष्मी नायक एवं डॉ. अनिल तौहेल की भागीदारी रही। रुपाकंन (चित्रकला) की सभी विधाएं श्रीमती पद्मजा शुक्ला एवं श्रीमती मधुमती जैन के द्वारा सम्पन्न करायी गयी। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कुमुद श्रीवास्तव के संचालन में छात्र-छात्राओं ने भारतीय लोक संस्कृति एवं लोकनृत्यों पर आधारित कार्यक्रमों में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।एवं डॉ. हेमलता गर्ग के संरक्षण में समस्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।





# तिलक कॉलेज में करारनामा के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना के दिशानुरूप शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के साथ उद्यमिता विकास केन्द्र कटनी के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय एमओयू करारनामा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. खरे ने की। यह कार्यशाला स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में हुई। कार्यशाला का संचालन महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. व्हीके द्विवेदी ने किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न महाविद्यालयों का उद्यमिता विकास केन्द्र कटनी के साथ हुए एमओयू करारनामा द्वारा वर्षभर छात्र-छात्राओं को कौशल विकास, व्यावसायिक अवसर की पहचान, रोजगार, स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देना है। इस कार्यशाला में कटनी जिलान्तर्गत समस्त शासकीय महाविद्यालयों का उद्यमिता विकास केंद्र कटनी सैडमेप के साथ एमओयू साइन किया गया। इसके अतिरिक्त शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वामटेक कम्प्यूटर एण्ड डिजाईनिंग इंस्टीट्यूट कटनी के साथ भी एमओयू साइन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके खरे ने कहा कि निश्चित ही इस एमओयू से छात्र-छात्राओं को वर्षभर लाभ होगा। डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि कटनी जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के लिए यह एमओयू साइन होना गौरवान्वित करने वाली बात है। इस कार्यशाला में जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्लेसमेंट अधिकारी उपस्थित रहे। शासकीय तिलक महाविद्यालय से प्रकोष्ठ सहसंयोजक लक्ष्मी नायक, सहायक प्लेसमेंट अधिकारी पुनर्वसु भट्टाचार्य, प्रो. आनंद प्रताप सिंह, प्रो. सुनील त्रिपाठी, प्रो. राजेश साहू उपस्थित रहे।

# 25-26 दिसम्बर को बरही रंग महोत्सव का आयोजन

## स्थानीय रंगकर्मी नाट्य मंच में दिखाएंगे अपना हुनर

**बरही।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दर्पण रंग समिति के तत्वाधान में बरही रंग महोत्सव 2021 का दो दिवसीय सातवाँ संस्करण 25 एवं 26 दिसम्बर को आयोजित होने जा रहा है। इस संबंध में समिति के संचालक दुर्गेश सोनी दर्पण ने बताया कि इस वर्ष रंगमंच के साथ ही साथ क्षेत्र के अन्य विधाओं के कलाकारों के लिए चित्रकला, रंगोली एवं मृत्तिका कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें 6 साल से 16 साल तक के बच्चे प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। सभी प्रतिभागी निःशुल्क अपना नाम 23 दिसम्बर तक दर्ज करवा सकते हैं। प्रतियोगिता आरम्भ होने का समय प्रातःकाल 11: 00 बजे से एवं समय सीमा 2 घण्टे की निर्धारित की गई है। सर्वश्रेष्ठ 6 कलाकारों को संस्था द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा। यह आयोजन बरही नगर के विजयराघवगढ़ मार्ग स्थित वर्षा मैरिज गार्डन के सभागार में सम्पन्न होगा। आयोजन समिति द्वारा नाट्य मंचन एवं प्रतियोगिता की तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है। पहले दिन 25 दिसम्बर को नाटक हुकूमत हवा हवाई, दूसरे दिवस नाटक सल्तनत का मंचन होगा।





# युवा उत्सव में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में आयोजन

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में महाविद्यालय के युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक गतिविधि समिति द्वारा 20 दिसम्बर को प्रश्न मंच, भाषण, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर.एस. त्रिपाठी, जुगराज सिंह ठाकुर, लवकुश सिंह, डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, सुशील चन्द्र दुबे, मुकेश झारिया, डॉ. राजेश कुमार, रामकिशोर आर्य, डॉ. रामनरेश वर्मा, दादूराम साकेत एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोशनी पाण्डेय, डॉ. जगदीप दुबे, डॉ. योगिता अरजारिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में रविन्द्र महोबिया, संजय बर्मन एवं रिंकू का भी सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़ कर सहभागिता की गई। महाविद्यालयीन स्तर पर विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

# वैक्सीन के दोनों डोज लेने से लंबे समय तक रहेगी एंटीबॉडी

## शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक चौदहा की राय, कोरोना से बचना है तो वैक्सीन अवश्य लें

**कटनी।** जब हम कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन का पहला डोज लेते हैं तो उससे हमारे शरीर में वायरस बचाव के लिए एंटीबॉडी बनती है लेकिन उसके बाद भी संक्रमण का खतरा बना रहता है क्योंकि हमारा शरीर पूरी तरह से एंटीबॉडी नहीं होता है। वैक्सीन के दोनों डोज लेने के बाद लंबे समय तक हमारी एंटीबॉडी रहेगी और उसपर कोरोना का अटैक नहीं होगा। यह कहना है कि शहर के वरिष्ठ चिकित्सक और इंडियन मेडीकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अशोक चौदहा का। उन्होंने कहा कि वैक्सीन का एक ही डोज लगवाने के बाद ये सोचना कि हमारे शरीर में अब संक्रमण का खतरा नहीं होगा, यह उचित नहीं है। आमजन दोनों डोज निर्धारित समय पर लें ताकि उनके शरीर का इम्युनिटी पॉवर लंबे समय तक मेंटेन रहे। जिन लोगों को कोरोना हो चुका है, उनको वैक्सीन के दोनों डोज लेने को लेकर डॉ. चौदहा का कहना है कि बीमारी से उबरकर बाहर आए लोग ये सोचने लगते हैं कि उनकी बॉडी संक्रमण से लड़ने लायक है लेकिन ऐसा नहीं है। डॉ. चौदहा का कहना है कि जिन लोगों को कोरोना हो चुका है, उनको डोज देने से पहले तीन माह का समय लिया जाता है। उसके बाद निर्धारित समय पर दोनों डोज लेने से बीमारी से ज्यादा अच्छे से निपटा जा सकता है और वायरस का अटैक नहीं होता है। इसलिए जिनको कोरोना बीमारी हो चुकी है, वे भी सरकार के चलाए जा रहे अभियान में शामिल होकर वैक्सीन जरूर लें।



### दोनों डोज के बाद हुआ कोरोना नहीं दिखे लक्षण

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. चौदहा ने बताया कि उन्होंने शुरूआत में ही वैक्सीन के दोनों डोज निर्धारित समय पर लिए थे। उसके बाद उन्हें खुद कोरोना का अटैक हुआ लेकिन उसके बहुत ज्यादा लक्षण नहीं दिखे और सामान्य तरीके से इलाज के बाद वे आज पूरी तरह से सुरक्षित हैं और पहले है कि तरह से अपना हर काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि उन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज नहीं लिए होते तो स्थिति बिगड़ सकती थी लेकिन वैक्सीन के असर से एंटी बॉडी मजबूत थी और यही कारण था कि वे बीमारी से आसानी से जीत सके। डॉ. चौदहा ने लोगों से यह भी अपील की है कि जिन्होंने अभी तक एक भी डोज नहीं लिया है वे कोविड वेक्सीनेशन के लिये चलाए जा रहे वैक्सीनेशन महाअभियान में पहुंचकर पहली खुराक अवश्य लें और जिन्होंने प्रथम डोज ले लिया है, वे निर्धारित समय पर दूसरा डोज लेकर अपना सुरक्षा चक्र पूरा कराएं।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा
है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

# जो जीता वो हमारा की थीम पर भाजपा

कटनी। पिछड़े वर्ग को आरक्षण के मुद्दे पर जारी असमंजस के बीच पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा में मैदानी स्तर पर तैयारी तेज है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच दावेदारी को लेकर मची खींचतान को देखते हुए अब भाजपा संगठन ने तय किया है कि जो भी कार्यकर्ता चुनाव जीतकर आएगा, उसे अपना प्रत्याशी मानते हुये सिकंदर बना देगी। इसके लिए प्रदेश संगठन ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर प्रदेश में भी जिला पंचायतों के दावेदारों के लिए फ्री फॉर आल का फार्मूला लागू करने की तैयारी कर ली है। जिला पंचायत चुनाव में जिस प्रत्याशी द्वारा जीत दर्ज की जाएगी उसे भाजपा अपना मान लेगी।

दरअसल प्रदेश के सभी 52 जिला पंचायतों में अध्यक्ष पद का आरक्षण न होने के बाद भी अभी से खींचतान की स्थिति बन चुकी है। इस मामले में दावेदारों द्वारा क्षेत्रवार अभी से दावेदारी करना शुरू कर दिया गया है। हालांकि पिछड़े वर्ग की संभावित सीटों को लेकर पेंच फंसा हुआ है। कटनी जिले में जिला पंचायत सदस्य के 4 पद पिछले बार आरक्षित थे। हालांकि इस बार भी इतने ही पद ओबीसी को रहने की संभावना है। आरक्षण को लेकर धुंध छटते ही जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण पर नजर टिक जाएगी। क्योंकि जिस वर्ग के लिए अध्यक्ष का आरक्षण होगा उस वर्ग के जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र में घमासान मचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पार्टी के ही अनेक दावेदार इन क्षेत्रों में लड़ेंगे। इन हालातों के चलते ही पार्टी साफ कह रही है कि वे पहले अपनी दम पर चुनाव जीतकर आएं, जो जीत जाएगा उसे ही संगठन का समर्थन देकर मान लिया जाएगा कि वह भाजपा समर्थित है। दरअसल प्रदेश में पहले भी पंचायत चुनावों में इस तरह का प्रयोग किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि बीते चुनाव के बाद भाजपा ने करीब 3 दर्जन जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर अपने प्रत्याशी जीतने का दावा किया था लेकिन, बाद में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान कुछ जिला पंचायत अध्यक्षों ने अपनी निष्ठा तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रति घोषित कर दी थी। इसकी वजह से पार्टी की किरकिरी भी हो चुकी है। फिलहाल तो अभी यह तय नहीं है कि किस जिले में किस वर्ग का जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित होगा। इसकी वजह है अब तक प्रदेश में जिला पंचायतों के लिए आरक्षण का न हो पाना।

### जनपद अध्यक्षों का फैसला मंडलों पर

संगठन द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष पद की दावेदारी पुख्ता करने को लेकर भोपाल के चक्कर काटने वाले कार्यकर्ताओं से साफतौर पर कहा दिया गया है कि वे भोपाल में पार्टी मुख्यालय अथवा सत्ता- संगठन के नेताओं के यहां चक्कर न काटे अगर वे ऐसा करते हैं तो उनके खिलाफ निगेटिव मार्किंग की जाएगी। इसके अलावा जनपद पंचायतों में अध्यक्ष पद के लिए पार्टी किस चेहरे पर दांव लगाएगी इसका फैसला मंडल अध्यक्षों की रिपोर्ट पर किया जाएगा। संगठन महत्व और जवाबदारी बढ़ाने के लिए पार्टी ने इस तरह की रणनीति बनाई है।

### गैरदलीय आधार पर होते हैं चुनाव

दरअसल प्रदेश में पंचायत चुनाव गैरदलय आधार पर होते हैं, जिसकी वजह से स्पष्ट तौर पर यह पता नहीं चल पाता है कि कौन सा प्रत्याशी किस दल का है। इसकी वजह है एक ही दल के कई-कई समर्थकों का चुनावी मैदान में उतर जाना यही वजह है कि अब सत्ता संगठन के दिग्गज नेताओं ने संभावित दावेदारों को यह स्पष्ट कर दिया है कि वे अपनी ताकत पर चुनाव जीतकर आएं। इसके बाद पार्टी उनका स्वागत करेगी। यह बात अलग है कि पार्टी में एक राय बनाकर प्रत्याशी उतारे जाएं। लेकिन यह प्रयास सदस्यों तक ही सीमित बताए जा रहे हैं। यही वजह है इसके लिए पार्टी द्वारा तीन दर्जन नेताओं की एक समिति भी बनाई जा चुकी है। गौरतलब है कि गैरदलीय आधार पर होने वाले इन चुनावों में किसी भी राजनीतिक पार्टी का अधिकृत चुनाव चिन्ह का उपयोग नहीं होगा। इसकी वजह से ही इन चुनावों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग अलग से चुनाव चिन्ह आवंटित करता है।

**एक हजार रूपए से ज्यादा बकायादारों के काटे जा रहे कनेक्शन**

# बिजली बिल वसूलने शुरू हुई सख्ती

### एक दिन में कटी साढ़े 3 सौ लोगों की बिजली

कटनी। समय पर बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर एक बार फिर बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। दो माह तक जिन उपभोक्ताओं ने बिल नहीं जमा किया, उनके भी विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए जा रहे हैं। सोमवार को शहरभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। शहर संभाग कटनी अंतर्गत पीएस ऊर्जा विभाग मध्यप्रदेश शासन की बैठक के पश्चात कम वसूली आने पर शहर संभाग कटनी को फटकार लगाई। वहीं शहर संभाग की टीम बकायेदारों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करते नजर आ रही है। गौरतलब है कि बकाया राशि वालों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं। अकेले सोमवार को साढ़े तीन सौ कनेक्शन काटे गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति रही।

### इनका कहना है

समय पर बिजली बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। नोटिस के बाद भी जो बिल जमा नहीं कर रहे, उनपर वैधानिक कार्रवाई होगी। शहर भर में 28 करोड़ रुपये बिल बकाया है।

**सुभाष नागेश्वर, कार्यपालन अभियंता शहर।**

### इनके काटे गए कनेक्शन

काटे गए विद्युत कनेक्शन पर विद्युत उपभोक्ता हरे माधव फूड प्रोडक्ट बकाया राशि 57 हजार 233रूपए, संगम यादव कोटला राशि 35 हजार 911 रूपए, जीवा पटेल शिवाजी नगर बकाया राशि 36 हजार 114 रूपए, रामसागर धुर्वे एनकेजे राशि 72 हजार 19 रूपए, रमेश रजक कुठला बकाया राशि 1 लाख 5 हजार 128 रूपए, सावित्री नायक गांधी गंज बकाया राशि 58 हजार 506 रूपए, सुरेश कुमार हरिजन बस्ती राशि 23 हजार 579 रूपए, राजेश कुमार चूड़ामणि घंटाघर बकाया राशि 6 हजार 977 रूपए, तेजी लाल मोतीलाल सराफा मार्केट बकाया राशि 20 हजार 345 रूपए, महेंद्र सरावगी घंटाघर बकाया राशि 28 हजार 51 रूपए, सुमन सोनी सराफा मार्केट बकाया राशि 21 हजार 92 रूपए के कनेक्शन काटे गए। एक हजार के ऊपर बकाया राशि वाले विद्युत उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

### उपभोक्ताओं पर बकाया 28 करोड़ रूपए का बिल

शहर संभाग अंतर्गत 28 करोड़ विद्युत राशि बकाया है। बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं पर कुर्की के नोटिस भी जारी किए गए हैं। वर्तमान में एक हजार से अधिक विद्युत बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विद्युत उपभोक्ताओं से कहा गया है कि समय पर बिल जमा कर कार्रवाई से बचें। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## मोटर सायकल चोरी का आरोपी गिरफ्तार, बरही पुलिस की कार्रवाई



कटनी। बरही थाना अंतर्गत पुरानी चक्की के पास से चोरी गई मोटर सायकल को मय चोर सहित बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक 18 सितंबर को पुरानी चक्की के पास से राकेश सोनी की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमजे-5260 को अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया था। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को पड़ोसी जिला उमरिया के मानपुर थाना अंतर्गत नामदेव मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय राजा उर्फ अजय आजाद सोनी पिता हरप्रसाद सोनी की तलाश थी। गतदिवस संदेही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। जिसमें उसने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई मोटर सायकल भी बरामद कर ली गई। आरोपी को गिरफ्तार करने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता की भूमिका रही।

**मुख्य डाकघर में आर्थिक गड़बड़ी का मामला**

# कम्प्यूटर की हार्डडिस्क लेकर जांच दल जबलपुर रवाना

कटनी। मुख्य डाकघर कटनी में बड़ी आर्थिक गड़बड़ी का मामला सामने आया है। करोड़ों रुपये यहां के कर्मचारियों ने सांठगांठ करके घोटाले को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि जब डाकघर के एक अधिकारी ने इस मामले को पकड़ा तो पूरे विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। जानकारी के अनुसार 2018 से अब तक इस कारनामे को अंजाम दिया गया है। इस सनसनीखेज मामला पिछले सप्ताह गुरुवार को सामने आया है। स्थानीय अधिकारी ने मामले की सूचना संभागीय अधिकारियों को दी। शुक्रवार से मामले की जांच शुरू हुई। तीन सदस्यीय टीम कटनी पहुंची और दो दिनों तक मामले की जांच की। इसके बाद जबलपुर से आई टीम हार्डडिस्क लेकर चली गई।




### दो करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड जप्त

बताया जा रहा है कि अभी तक की जांच में 2 करोड़ 19 लाख रुपये के रिकॉर्ड सामने आ चुके हैं। इस पूरे मामले में अन्य साथियों की भी मिलीभगत बताई जा रही है। इस पूरे मामले के बाद वरिष्ठ अधिकारी कह रहे हैं कि हमने कटनी डाकघर को अच्छे कामों से देश में नंबर वन पर लाया है। यदि यह कारनामा सामने आ जाएगा तो खास मिट्टी में मिल जाएगी। अब देखना यह है कि अधिकारी इस मामले को जांच में कहां तक लेकर जाते हैं।

### डेढ़ साल में उड़ाए रुपये

बताया जा रहा है कि डाकघर में जिन कर्मचारियों के कंधे पर रुपयों की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी उन्होंने ही गड़बड़ी की है। बताया जा रहा है कि जिस कर्मचारी ने रुपये गायब किए हैं वह शेयर मार्केट सहित अपने एशो आराम में रुपये उड़ा दिए हैं। टीम ने रिकॉर्ड जप्त कर लिए हैं। पुराना रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पोस्ट मास्टर को समझ में आया तो खबर की है। अधिकारी यह भी कह रहे हैं कि यह शासकीय राशि के गबन का मामला है। जांच में अभी दो-तीन लगेंगे। जांच जारी है। कम्प्यूट, मैनुअल, कम्प्यूटर रिकॉर्ड जप्त कर लिए गए हैं। बातचीत में बताया कि अकेले ही ऐसा कर्मचरी कर रहा था।

### इनका कहना है

कटनी मुख्य डाकघर में आर्थिक गड़बड़ी सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है। टीम द्वारा जांच की गई है। आवश्यक दस्तावेज, रिकॉर्ड जप्त कर कार्रवाई की जा रही है। जांच रिपोर्ट के बाद वास्तविक आर्थिक गडबड़ी का पता चल पाएगा।

**राजपाल सिंह चौहान, प्रवर अधीक्षक, जबलपुर।**

# पाटन के ब्राम्हण परिवार से भी की गई 1 लाख 24 हजार की धोखाधड़ी

**शादी के नाम पर ठगी करने के मामले में आया नया मोड़, कैमोर पुलिस ने नए सिरे से शुरू की जांच**

यश भारत फॉलोअप



कटनी। शादी के नाम पर ठगी करने वाले मामले में मंगलवार को उस समय नया मोड़ आ गया। जब जबलपुर जिले के पाटन क्षेत्र का एक ब्राम्हण परिवार कैमोर पहुंचा और पुलिस से अपने साथ भी इसी तरह की ठगी करने का आरोप गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर लगाया। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन ने बताया कि पाटन के ब्राम्हण परिवार का आरोप है कि उनके साथ पिछले माह गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने इसी तरह की ठगी करते हुए 1 लाख 24 हजार रूपए ऐंठ लिए थे। गौरतलब है कि कैमोर थाना अंतर्गत बड़ारी गांव निवासी 76 वर्षीय जगदम्बा प्रसाद दीक्षित की शिकायत पर पुलिस ने सतना जिले से बबिता तिवारी, केशव प्रसाद साकेत, अरुण कुमार तिवारी और मनसुख रैकवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में बबिता तिवारी का भाई बनकर नेंग दस्तूर करने वाला मामा केशव प्रसाद ब्राम्हण नहीं है, उसका असली नाम केशव प्रसाद साकेत निवासी करकोठी गांव थाना सभापुर जिला सतना है। विवाह के लिए दिखाई गई लड़कियों का भाई बनकर आने वाला दीपक भी ब्राम्हण नहीं है। उसका असली नाम दीपक चौधरी निवासी बर्ती गांव थाना रामपुर बघेलान जिला सतना है। विवाह के लिए स्वय का नेंग दस्तूर करने वाली बच्चियां साधना तिवारी पिता रमेश तिवारी निवासी टिकुरी गांव थाना कोटर जिला सतना और शिवानी त्रिपाठी पिता राकेश त्रिपाठी निवासी टिकुरी गांव थाना कोटर जिला सतना हैं। उल्लेखनीय है कि दीक्षित परिवार ने खोजबीन शुरु की तो उन्हें सतना में ही बबिता तिवारी और उसके गिरोह का शिकार एक अन्य ब्राम्हण परिवार भी मिला। उमरिया जिले के अमरपुर निवासी राकेश पाठक और धनवाली निवासी रमाकांत उपाध्याय ने उन्हें बताया कि 29 नवंबर के लिए बबिता तिवारी ने अपनी बेटी शिवानी तिवारी की शादी उनके भाई रामकिशोर उपाध्याय के बेटे विनोद से तय की थी। साथ ही 86 हजार रुपए नकद और 30 हजार रुपए बैंक खाते में जमा कराए थे। इस जानकारी के बाद दोनों परिवार को अपने साथ शादी का प्रलोभन के नाम ठगी होने की बात पता चली। शादी के नाम हुई धोखाधड़ी की शिकायत जगदम्बा प्रसाद दीक्षित ने कैमोर पुलिस से की थी। वहीं अब जबलपुर के पाटन क्षेत्र निवासी एक ब्राम्हण परिवार ने अपने साथ भी इसी तरह की ठगी का आरोप कैमोर पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों पर लगाकर मामले में नया मोड़ ला दिया है। बहरहाल पुलिस अब इस मामले की भी जांच कर रही है।

# पिकअप चोरी का ईनामी आरोपी गिरफ्तार



### दो माह बाद बरही पुलिस को मिली सफलता

कटनी। बरही पुलिस को दो माह पूर्व अमरपुर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास से पिकअप चोरी कर भागे दो हजार रूपए के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक अमरपुर रोड पेट्रोल पंप के पास से उमरिया जिले के मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम परासी निवासी सूरज महोविया पिता राकेश महोविया का पिकअप वाहन क्रमांक एम.पी.54जीए-0883 को अज्ञात बदमाश ने 1 अक्टूबर की रात 8 बजे के लगभग पार कर दिया था। चोरी गया पिकअप वाहन 3 अक्टूबर को रात्रि में ढाई बजे दमोह थाना अंतर्गत ग्राम बिजौरी में रोड पर पलटी हुई हालत में बरामद कर लिया गया था। इस बीच जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को पड़ोसी जिला उमरिया के चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम देवराकलां निवासी 23 वर्षीय ओमप्रकाश उर्फ पपलू पिता जयभान पाल की तलाश थी, जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 2 हजार नगद ईनाम की घोषणा भी की थी। आरोपी की तलाश में जुटी बरही पुलिस को मोबाईल लोकेशन सूरत के बाद चंदिया में मिली। जिसके बाद मुखबिरों की सूचना पर आरोपी को चंदिया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, सहायक उपनिरीक्षक महेश प्रताप सिंह और आरक्षक सुधीर दुबे की भूमिका रही।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना,
एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



टैरो क्वीन
राजुल मिश्रा द्वारा
टैरो कार्ड्स रीडिंग
सोमवार से शुक्रवार-दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक
दूसरी मंजिल, डॉ. नेमा क्लीनिक, आजाद चौक, कटनी
संपर्क करें- 9343945285



JOHNSON®
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां
कटनी मो. 9425153498, 7067666668



रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
City Pride Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)